स्कूल में टीकाकरण की ज़रूरतें



स्कूलों में टीकाकरण की ज़रूरतें क्यों होती हैं?

टीकों द्वारा रोकी जा सकने वाली बीमारियां स्कूल और चाइल्ड केयर में बहुत तेज़ी से फ़ैल सकती हैं। इस वजह से, बच्चों के इम्युनाइज़ेशन शेड्यूल में शामिल कुछ टीके लगवाना बच्चों के स्कूल जाने के लिए अनिवार्य होते हैं। स्कूल के लिए टीकाकरण की ज़रूरतें 175 से भी ज़्यादा वर्षों से चली आ रही हैं। पहला स्कूली टीकाकरण जनादेश 1855 में लागू हुआ था, जब मैसाचुसेट्स ने स्कूल में प्रवेश के लिए स्मॉलपॉक्स (चेचक) का टीकाकरण अनिवार्य
किया था। वर्ष 1980 तक, सभी राज्यों में यह ज़रूरतें लागू हो चुकी थीं। ये बीमारियों के प्रकोप को कम करने में सफ़ल रही हैं। इनसे बीमारियों को फ़ैलने से रोकने और छात्रों एवं स्कूल के स्टाफ़ को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। जब हम अपने बच्चों का टीकाकरण कराते हैं, तो हम उन्हें एक स्वस्थ माहौल में सीखने और विकसित होने का मौका देते हैं।

कोलोराडो में कौन-कौन से टीके ज़रूरी हैं?

स्कूल (K-12) के लिए अनिवार्य टीके

- हेपेटाइटिस बी (हेपबी)
- डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस (DTaP) *
- निष्क्रिय पोलियोवायरस (IPV) *
- खसरा, कण्ठमाला, रूबेला (MMR) *
- वैरिकाला (चिकनपॉक्स) *
- टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस (Tdap) **

*4 से 6 वर्ष की उम्र के छात्रों के लिए किंडरगार्टन में प्रवेश से पहले *DTaP, IPV, MMR* और वेरिसेला की अपनी अंतिम खुराक लेना अनिवार्य है।

***2025-2026* के इस वर्तमान स्कूल वर्ष के लिए, छात्रों को छठी कक्षा में प्रवेश से पहले *Tdap* टीके की एक खुराक लेना अनिवार्य है। छठे से *12*वीं कक्षा के लिए *Tdap* की एक खुराक अनिवार्य है।
चाइल्डकेयर के लिए अनिवार्य टीके

चाइल्डकेयर के लिए अनिवार्य टीके

- हेपेटाइटिस बी (हेपबी)
- डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस (DTaP) *
- हीमोफिलस इन्फ्लूएंजा प्रकार बी (हिब)
- निष्क्रिय पोलियोवायरस (IPV) *
- न्यूमोकोकल संयुग्म (PCV)
- खसरा, कण्ठमाला, रूबेला (MMR) *
- वैरिकाला (चिकनपॉक्स) *

*4 से 6 वर्ष की उम्र के छात्रों के लिए किंडरगार्टन में प्रवेश से पहले *DTaP, IPV, MMR* और वेरिसेला की अपनी अंतिम खुराक लेना अनिवार्य है।

इन ज़रूरतों के बारे में और ज़्यादा जानें:
cdphe.colorado.gov/immunization/requirements-for-school-entry

मुझे अपने बच्चे के लिए टीके कहाँ से मिल सकते हैं?

आपके पास इंश्योरेंस हो या न हो, आप पूरे कोलोराडो में प्रदाताओं से टीके पा सकते हैं। प्राइवेट इंश्योरेंस योजनाओं के लिए टीकों की लागत को कवर करना ज़रूरी होता है। जिन बच्चों के पास इंश्योरेंस नहीं है या जिन्हें पूरा कवर नहीं मिलता हैं, वे वैक्सीन्स फ़ॉर चिल्ड्रन (Vaccines for Children) प्रोग्राम के ज़रिए मुफ़्त टीके लगवा सकते हैं।

टीके खोजें:
cdphe.colorado.gov/immunizations/get-vaccinated

मैं अपने बच्चे का वैक्सीन रिकॉर्ड कैसे ढूंढूं?

आप राज्य के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर अपने बच्चे का रिकॉर्ड देख सकते हैं।

cdphe.colorado.gov/immunization/copy-of-records

टीकाकरण की उच्च दरें क्यों ज़रूरी हैं?

माता-पिता और देखभालकर्ता अपने बच्चे को स्कूल या चाइल्ड केयर भेजने का फ़ैसला लेते समय टीकाकरण दरों सहित बहुत-सी बातों पर ध्यान देते हैं। उच्च दरों का मतलब है:

1. छात्र और स्टाफ़ बीमारियों के फ़ैलाव से बेहतर तरीके से सुरक्षित रहते हैं। जब किसी कम्युनिटी में पर्याप्त रूप में लोगों का टीकाकरण हो जाता है, तो वे दूसरों की भी रक्षा करते हैं – इसे "हर्ड इम्युनिटी" (बीमारियों से सामूहिक रक्षा) कहते हैं। खसरे के लिए, हर्ड इम्युनिटी हासिल करने के लिए 95% लोगों का टीकाकरण होना ज़रूरी है। जिन स्कूलों में बिना टीकाकरण वाले बच्चों की संख्या ज़्यादा होती है, वहां बीमारी फ़ैलने का खतरा भी ज़्यादा रहता है। बीमारी का ऐसा प्रकोप सभी बच्चों – जिनमें वे बच्चे भी शामिल हैं जिन्हें टीका लग चुका है – को खतरे में डाल देता है।

2. जो बच्चे मेडिकल कारणों (जैसे कैंसर का इलाज करवा रहे) की वजह से टीके नहीं लगवा सकते, वे भी और ज़्यादा सुरक्षित रहते हैं। इन बच्चों में बीमारियों की चपेट में आने और बेहद ज़्यादा बीमार पड़ने का ज़्यादा खतरा होता है। वे बीमारियों को फ़ैलने से रोकने और बीमारी से खुद का बचाव करने के लिए दूसरों के टीकाकरण पर निर्भर रहते हैं। इसलिए, ऐसे बच्चों के देखभालकर्ता सिर्फ़ ऐसे स्कूल या चाइल्ड केयर ही चुन सकते हैं जहाँ टीकाकरण की दरें इतनी ज़्यादा हों कि उनका बच्चा सुरक्षित रह पाए।

कोलोराडो की टीकाकरण दरें क्या हैं?

बीमारी	कोलोराडो के किंडरगार्टन बच्चों में औसत टीकाकरण दर
खसरा	87.7%
डिप्थीरिया, टेटनस और पर्टुसिस (DTaP)	86.9%
पोलियो	87.3%
चिकनपॉक्स (वैरिकाला)	86.7%

कोलोराडो में हाल ही में खसरा और परट्यूसिस का प्रकोप देखा गया है, जिसकी एक वजह यह है कि टीकाकरण की दरें इतनी ज़्यादा नहीं हैं कि बीमारी को फ़ैलने से रोका जा सके। कोलोराडो की टीकाकरण दरें देखें:
cdphe.colorado.gov/immunization/school-and-child-care-data

क्या टीके की ज़रूरतों से छूट उपलब्ध है?

राज्य माता-पिता को अपने बच्चों को टीकों से छूट दिलाने और फ़िर भी स्कूल या चाइल्ड केयर भेजने की इजाज़त देते हैं। हालांकि, कोलोराडो सहित कई राज्यों में यह ज़रूरी है कि यदि उनके स्कूल में बीमारी का प्रकोप होता है तो ऐसे बच्चों को घर पर ही रहना होगा जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। सभी राज्य मेडिकल कारणों से छूट की इजाज़त देते हैं। कुछ राज्य व्यक्तिगत मान्यताओं और/या धार्मिक वजहों से भी छूट की इजाज़त देते हैं। याद रखें: जिन बीमारियों से बचाव के लिए हम टीके लगवाते हैं, वे बहुत वास्तविक हैं और उनमें से कई जानलेवा हैं। टीका न लगवाने का फ़ैसला बच्चे को बीमारी के खतरे में डाल सकता है और इसे दूसरों में फ़ैला सकता है।

निचोड़

जब टीकाकरण की दरों में गिरावट आती है, तो बीमारियां फ़ैलने का खतरा काफ़ी बढ़ जाता है। इसीलिए यह सुनिश्चित करना बहुत ज़रूरी है कि जो बच्चे टीका लगवा सकते हैं, वे इसे ज़रूर लगवाएं। जब आप टीकों से अपने बच्चे को सुरक्षित करते हैं, तो आप उनके सहपाठियों, शिक्षकों और कम्युनिटी के लोगों को भी सुरक्षित करते हैं। आप अच्छी सेहत के लिए टीकाकरण कराते हैं!

IMMUNIZE COLORADO

IMMUNIZE FOR GOOD